भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4342
दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत–चीन विदेश मंत्री स्तर की चर्चा

4342. श्री ए. राजाः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ब्राजील के रियो में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री और उनके चीनी समकक्ष के बीच हाल ही में हुई वार्ता का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें पुन: शुरू करने पर चर्चा हुई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संपर्क को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (ग) विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 18 नवंबर 2024 को रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के विदेश मंत्री श्री वांग यी से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने यह स्वीकार किया कि हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है। उन्होंने 23 अक्टूबर 2024 को कज़ान में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच हुई सहमति के अनुरूप भारत–चीन संबंधों में अगले कदमों पर चर्चा की। इस बात पर सहमति हुई कि विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव–उपमंत्री तंत्र की बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी। जिन कदमों पर चर्चा की गई उनमें कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को फिर से शुरू करना, सीमा पार नदियों से संबंधित डाटा का आदान–प्रदान करना, भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें और मीडिया आदान–प्रदान शामिल थे। उन्होंने साझा हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

*****